

Lovekesh Kumar Gilhare was born in Karwa, Tenganmada, Bilaspur district, Chhattisgarh. He earned his undergraduate degree in Agriculture and a postgraduate degree in Agronomy from Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur, Chhattisgarh. He is currently undergoing training as an Assistant Conservator of Forests (ACF) at the Central Academy for State Forest Service (CASFOS), Coimbatore.

With a strong academic foundation in agriculture and agronomy, combined with specialized training in forest administration, Mr. Gilhare is deeply committed to sustainable natural resource management, ecological conservation, and community development. His work reflects a focus on integrating scientific knowledge with practical strategies to promote environmental stewardship and support the socio-economic development of tribal and forest-dependent communities in Chhattisgarh.



# ऑफरोड अढधकारी

## नारायणपुर के वमो मे कर्तव्य और मानवता का संतुलन

# THE OFFROAD OFFICER

## *Balancing Duty and Humanity in the Forests of Narayanpur*

*Lovekesh Kumar Gilhare*

CENTRAL ACADEMY FOR STATE FOREST SERVICE
COIMBATORE

2025

**Benefits**

- **Cultural Awareness:** Strengthens local culture and community identity.
- **Youth Leadership and Community Participation:** Develops discipline, responsibility, and decision-making skills among the youth.
- **Preservation of Traditional Knowledge:** Villagers actively contribute to the preservation of traditional knowledge and folk arts.
- **Forest Resource Conservation:** Community involvement fosters awareness of the importance of natural resources and promotes their protection.

Thus, the Ghotul serves not only as a cultural centre but also as an important initiative for community development, environmental conservation, and social empowerment.



Fig. 3. Ghotul – Cultural Centre

# ऑफरोड अढघकिारी

## नारायणपुर के वमो मे कर्तव्य और मानवता का संतुलन

# THE OFFROAD OFFICER

## *Balancing Duty and Humanity in the Forests of Narayanpur*



*Lovekesh Kumar Gilhare*

CENTRAL ACADEMY FOR STATE FOREST SERVICE
COIMBATORE

2025

# FOREWORD

To serve the forest is to serve life itself. Every officer who steps into the wilderness shoulders a dual responsibility — to safeguard nature's heritage and to stand beside the people who depend on it. This journey is not just about enforcing laws, but about building trust, nurturing awareness, and ensuring coexistence between man and nature.

This book, "*The Offroad Officer: Balancing Duty and Humanity in the Forests of Narayanpur*," is a sincere and thought-provoking reflection on that very balance. It captures the challenges, responsibilities, and human dimensions of a forest officer's life in one of India's most ecologically and socially complex regions. Through its chapters, the author brings forth the realities of fieldwork, the sensitivity required to work with tribal communities, and the unwavering commitment to protect both people and forests.

In an era where environmental protection is intertwined with social justice and sustainable development, this book serves as a timely reminder that effective forest administration is not only about policies or patrols, but about understanding nature's rhythms and the lives it sustains.

The author deserves appreciation for his thoughtful effort to document these experiences and insights with

authenticity and compassion. His work reflects the true spirit of forest service — one rooted in courage, responsibility, and humanity.

I extend my heartfelt congratulations and best wishes for the success of this meaningful and inspiring contribution to forestry literature.

*V. Thirunavukarasu, IFS*
APCCF & Principal,
CASFOS, Coimbatore.

## PREFACE

Narayanpur, a district predominantly inhabited by tribal communities in the heart of Chhattisgarh, is characterized by dense forests, flowing rivers, and rich biodiversity. The district's natural splendour is complemented by the vibrant culture and traditions of its tribal populations, who have coexisted harmoniously with the forests for generations. Simultaneously, the region presents complex challenges, including difficult terrain, limited infrastructure, and areas affected by Naxalite activities. In such a unique and demanding context, the responsibilities of a forest officer extend far beyond conventional administrative functions.

This book, *"The Offroad Officer: Balancing Duty and Humanity in the Forests of Narayanpur,"* provides an in-depth exploration of the multifaceted roles and responsibilities of forest officers serving in Narayanpur. It examines the delicate balance between law enforcement and the adoption of a sensitive, humanitarian approach.

The protection and conservation of forests and wildlife are inherently linked with building trust, engaging with tribal communities, and promoting sustainable development. Drawing upon detailed analysis, case studies, and practical

experiences, the book highlights strategies including the improvement of tendu leaf collection systems, the promotion of eco-tourism, and the engagement of youth through cultural initiatives such as Ghotuls.

The work emphasizes that effective forest administration requires patience, empathy, cultural understanding, and collaborative problem-solving. It underscores the importance of community participation, awareness programs, and livelihood support in achieving sustainable conservation objectives. By integrating professional expertise with human sensitivity, a forest officer can ensure the harmonious coexistence of people and nature.

This book is intended for forest officers, policymakers, researchers, and all stakeholders interested in the intersection of ecological conservation, tribal development, and social service. It is hoped that readers will gain meaningful insight into the challenges, responsibilities, and rewards associated with working in a region as unique and complex as Narayanpur, and will recognize the dedication, commitment, and empathy required to serve both forests and communities effectively.

- ***LovekeshKumar Gilhare***
SFS Trainee (2023–25 Batch)
CASFOS, Coimbatore

## ACKNOWLEDGMENT

I extend my sincere gratitude to the Chhattisgarh Forest Department and the local communities for generously sharing their knowledge and experiences, which greatly enriched this work.

I am profoundly grateful to Principal, CASFOS, Coimbatore, Shri V. Thirunavukarasu, IFS and Course Director, Dr. C. Vidhyasagar, IFS, for their guidance, encouragement, and motivation in undertaking meaningful work in my area of interest.

I also express my appreciation to the faculty of CASFOS, Coimbatore, for shaping my professional perspective and fostering a focused inclination toward my chosen field. My sincere thanks are due to the Editorial Committee of CASFOS, Coimbatore, including Dr. Ramkrishnan R., Scientist C, and Dr. B. Muhamad Rafi Hussain, for their valuable technical guidance and meticulous proof-reading.

I am especially indebted to Shri Shashiganandhan K., IFS (2017 Batch), DFO, Narayanpur, for his invaluable support, insights, and guidance during my tenure in the district. I am equally grateful to my mentors and colleagues at the Central Academy for State Forest Service (CASFOS),

Coimbatore, for their constant encouragement and guidance throughout this journey.

Finally, I extend my heartfelt appreciation to my family for their unwavering support and encouragement, which have been a continual source of motivation and inspiration.

*LovekeshKumar Gilhare*

# CONTENTS


**CHAPTERS** **PAGE NO.**

1. **परिचय**
   Introduction
2. **वन अधिकारी की भूमिका**
   Role of the Forest Officer
3. **चुनौतियाँ**
   Challenges of Narayanpur
4. **अधिकारी और मानवीय दृष्टिकोण की भूमिका संतुलन बनाने की रणनीतियाँ**
   Strategies for Balancing Role of Officer and Humanitarian Approach
5. **चुनौतियाँ और संभावित समाधान**
   Challenges and Possible Solutions
6. **अध्ययन उदाहरण**
   Case Studies

Chapter 1

# परिचय

## प्रारंभिकदृष्टि

नारायणपुर, छत्तीसगढ़ राज्य का एक आदिवासी बहुल एवं प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण जिला है। यह जिला बस्तर संभाग के उत्तर पश्चिमी भाग में स्थित है और घने वनों, पहाड़ियों तथा नदियों से आच्छादित है। यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत इसे एक विशिष्ट पहचान प्रदान करती है। परंतु इसके साथ-साथ यह क्षेत्र लंबे समय से नक्सल गतिविधियों से प्रभावित रहा है, जिससे यहाँ का सामाजिक, आर्थिक एवं प्रशासनिक ताना-बाना जटिल रूप ले चुका है।

नारायणपुर के अधिकांश क्षेत्र घने वनों वनों से आच्छादित हैं, जहाँ अनेक प्रकार के वन्यजीव, औषधीय पौधे तथा मूल्यवान वृक्ष प्रजातियाँ पाई जाती हैं। यहाँ के जंगल राज्य के पारिस्थितिक संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आदिवासी समाज का जीवन इन वनों से गहराई से जुड़ा हुआ है - उनकी आजीविका, संस्कृति और परंपराएँ इन्हीं वनों पर आधारित हैं। वन उनके लिए केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं।

नक्सल प्रभावित होने के कारण इस जिले में प्रशासनिक कार्यवाही और विकास योजनाओं का क्रियान्वयन सहज नहीं है। यहाँ कार्यरत अधिकारियों को भौगोलिक कठिनाइयों, संचार व्यवस्था की कमी और सुरक्षा चुनौतियों का निरंतर सामना पड़ता है। कई क्षेत्र सड़क मार्ग से पूरी तरह कटे हुए हैं, जिससे ग्रामीणों तक पहुँच पाना भी कठिन हो जाता है। इन परिस्थितियों में कार्य करना किसी भी अधिकारी के लिए धैर्य, साहस और संवेदनशील दृष्टिकोण की माँग करता है।

एक वन अधिकारि के लिए नारायणपुर केवल एक कार्यस्थल नहीं, बल्कि एक ऐसा क्षेत्र है यहाँ उसे अपनी व्यावसायिक क्षमता, नेतृत्व कौशल और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देना होता है। उसे न केवल वनों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करना होता है, बल्कि स्थानीय आदिवासी समुदायों के साथ विश्वास और सहयोग का संबंध भी स्थापित करना पड़ता है। वन अधिकारी का दायित्व केवल वन संपदा की रक्षा तक सीमित नहीं रहता, बल्कियह स्थानीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक यशक्तिकरण से भी जुड़ा होता है।

इन सभी पहलुओं के कारण नारायणपुर को समझना केवल भौगोतिक या प्रशासनिक दृष्टि से नहीं, बल्कि मानवीय और पारिस्थितिक दृष्टि से भी आवश्यक है। यह जिला उन स्थानों में से एक है जहाँ विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना एक बड़ी चुनौती है।

इर प्रकार, नारायणपुर का अध्ययन हमें यह सिखाता है कि किसी क्षेत्र का वास्तविक विकास तभी संभव है जब वहाँ के प्राकृतिक संसाधनों, स्थानीय जनजीवन और प्रशासनिक प्रयासों के बीच समन्वय स्थापित हो। यही दृष्टिकोण एक सफल वन अधिकारी की पहचान बनाता है - जो केवल पद के दायित्वों को नहीं निभाता, बल्कि अपने कार्यक्षेत्र को सेवा, समर्पण और संवेदना के दृष्टिकोण से देखता है।

## भौगोलिक पृष्ठभूमि

नारायणपुर, छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाव का एक महत्वपूर्ण जिला है, जिसे 11 मई 2007 को बस्तर जिले से अलग कर नया जिला बनाया गया था। यह जिला राज्य के दक्षिण-पश्चिमी भाग में स्थित है और इसके सीमाएँ बीजापुर, कोंडागांव, कांकेर और दंतेवाड़ा जिलों के साथ-साथ महाराष्ट्र के गडचिरोली जिले से भी मिलती हैं। क्षेत्रफल लगभग 6,640 वर्ग किलोमीटर है, और 2011 की जनगणना के अनुसार यहाँ की आबादी लगभग 1,39,820 थी, जिससे यह एक कम घनत्व वाला जिला बनता है। जनसंख्या घनत्व केवल लगभग 20 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है, जो इसे ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों से भरा हुआ दर्शाता है।



भौगोलिक दृष्टि से नारायणपुर मुख्यतः बस्तर पठार का हिस्सा है, जिसकी ऊँचाई 520 मीटर से लेकर लगभग 956 मीटर तक है। यहाँ का मौसम उष्णकटिबंधीय है, जिसमें औसत वर्षा लगभग 1,300 मिलीमीटर होती है। तापमान में सर्दियों में न्यूनतम लगभग 10.6द। और गर्मियों में अधिकतम लग्भग 46द।तक पहुँच सकता है। जिले की मृदा मुख्यतः लाल और कंकरीली है, जबकी कुछ सिस्सों में लेटराइट मृदा भी पाई जाती है।

नारायणपुर का वनावरण अत्यंत समृद्ध है। यह जिला घने जंगलों, पहाड़ियों और अनेक नदियों से आच्छादित है। यहाँ की प्रमुख नदियाँ इंद्रावती और कोटरी हैं, जो आगे चलकर बड़े जल-प्रवाहों में मिलती हैं। जंगलों में अनेक प्रकार के वन्यजीव, औषधीय पौधे और मूल्यावन वृक्ष प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिससे यह क्षेत्र पारिस्थितिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। आदिवासी समुदायों का जीवन इन वनों से गहराई से जुड़ा हुआ है। लगभग 70 प्रतिशत आबादी गोंड, मड़िया गोंड और मुरिया गोंड जैसे आदिवासी समूहों की है, जो अपने सांस्कृतिक और पारंपरिक जीवन के लिए इन प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहते हैं।

भौगोलिक कठिनाइयाँ और दुर्गम स्थलाकृति इस जिले को प्रशासनिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण बनाती हैं। सड़कों और परिवहन की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँच कठिन होती है, और वर्षा-प्रवाही भू-भाग कभी-कभी संपर्क और विकास कार्यों में बाधाएँ उत्पन्न करता है। इसके बावजूद यह क्षेत्र अपनी प्राकृतिक संपदा, जैव विविधता और सांस्कृतिक धरोहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नक्सल प्रभावित होने के कारण प्रशासन और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में अतिरिक्त चुनौतियाँ भी उत्पन्न होती हैं।

इस प्रकार, नारायणपुर का भौगोलोक परोदृश्य न केवल इसकी प्राकृतिक सुंदरता और संसाधन संपन्नता को दर्शाता है, बल्कि सामाजिक और प्रशासनिक दृष्टि से भी इसे एक चुनौतीपूर्ण और विशेष क्षेत्र बनाता है। यह जिला वन संरक्षण, आदिवासी विकास और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के दृष्टिकोण से अध्ययन और संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है।




## सामाजिक-सांकृतिक पृष्ठभूमि

नारायणपुर जिला आदिवासी संस्कृति का एक समृद्ध केंद्र है, जहाँ गोंड, मुरिया और हल्बा जैसी आदिवासी जनजातियाँ मुख्य रूप से निवास करती हैं। इनका जीवन घने जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों से गहराई से जुड़ा हुआ है। वे महुआ, तेंदूपत्ता शहद, लाख और अन्य वनोपज पर निर्भर रहते हैं, जो उनकी आजीविका और सांस्कृतिक पहचान का आधार हैं।

इन समुदायों की परंपराएँ, नृत्य, गीत और त्योहार जंगल और प्रकृति से प्रेरित हैं, जो उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक जीवनशैली को संजोए रखते हैं। प्रशासनिक दृष्टि से, स्थानीय विकास योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और बुनियादी ढाँचे में सुधार किया जा रहा है, ताकि आदिवासी समुदाय स्थायी रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें।

साथ ही, उनकी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और बढ़ावा देने पर भी ध्यान दिया जा रहा है, ताकि युवा पीढ़ी अपनी पहचान से जुड़े रहें और पारंपरिक कला और कौशल के माध्यम से नए अवसर विकसित कर सके। इस प्रकार, नारायणपुर का सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य प्रशासन के लिए



आदिवासी सशक्तिकरण और सतत विकास का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

आज के आधुनिक जीवन में जहाँ संशाधनों की अत्यधिक खपत और पर्यावरणीय असंतुलन समस्या बन गए हैं, आदिवासी जीवनशैली हमें सतत और संतुलित जीवन जीने का संदेश देती है। हमें भी सीखना चाहिए कि कम संसाधनों में कैसे खुशहाल और स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है, कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखा जा सकता है और अपनी आवश्यकताओं को आवश्यकता अनुसार संतुलित किया जा सकता है।

Chapter 1

# Introduction

## Initial View

Narayanpur is a tribal-dominated district of Chhattisgarh, rich in natural resources and biodiversity. Situated in the northwestern part of the Bastar division, the district is covered with dense forests, hills, and rivers. Its natural beauty, ecological diversity, and vibrant tribal culture give it a distinct identity. However, the region has also been affected by Naxalite activities for a long time, which has made its social, economic, and administrative structure highly complex and challenging.

A large part of Narayanpur is covered with thick forests, home to a variety of wildlife species, medicinal plants, and valuable trees. These forests play a crucial role in maintaining the ecological balance of the state. The life of the tribal communities here is deeply interlinked with the forests — their livelihood, traditions, and cultural values all revolve around them. For them, forests are not merely a resource but a way of life and survival.

Due to the presence of extremist activities, administrative work and development programs face numerous obstacles. Government officials working in this region often deal with geographical isolation, lack of communication facilities, and security risks. Many villages



remain disconnected by roads, making access and implementation of welfare schemes extremely difficult. In such conditions, an officer must possess patience, courage, and human sensitivity to perform effectively.

For a forest officer, Narayanpur is not just a posting location; it is a testing ground of his professional competence, leadership,and empathy. Along with protecting and conserving the forests, a forest officer has to build trust and cooperation with local tribal communities. The responsibility extends beyond resource protection — it also involves empowering local people and integrating them into sustainable forest management.

Therefore, understanding Narayanpur requires not only a geographical and administrative perspective but also humanitarian and ecological understanding. It is one of those regions where maintaining a balance between development and conservation is an ongoing challenge.

In conclusion, the study of Narayanpur teaches that true development can only be achieved when natural resources, local livelihoods, and administrative efforts work in harmony. This holistic approach defines the essence of an ideal forest officer — one who performs his duty not just with authority but with dedication, compassion, and a sense of service.

## Geographical Background

Narayanpur is an important district in the Bastar division of Chhattisgarh, which was carved out from Bastar district on 11 May 2007. It is located in the southwestern part of the state and shares its boundaries with Bijapur, Kondagaon, Kanker, and Dantewada districts of

Chhattisgarh, as well as Gadchiroli district of Maharashtra. The district covers an area of approximately 6,640 square kilometers, and according to the 2011 Census, its population was around 1,39,820, making it a sparsely populated district with a population density of only about 20 persons per square kilometer, reflecting its largely rural and remote character.

Geographically, Narayanpur forms part of the Bastar plateau, with elevations ranging from 520 meters to about 956 meters. The district experiences a tropical climate, receiving an average annual rainfall of around 1,300 millimeters. Temperatures vary from a minimum of approximately 10.6°C in winter to a maximum of nearly 46°C during the summer months. The soil in the district is predominantly red and gravelly, with some areas featuring lateritic soils.

The forest cover of Narayanpur is rich and dense. The district is covered with thick forests, hills, and numerous rivers, including the Indravati and Kotri rivers, which eventually merge into larger water systems. The forests are home to a variety of wildlife, medicinal plants, and valuable tree species, making the region ecologically significant. Tribal communities have a deep connection with these forests, as they rely on them for their livelihoods, culture, and traditions. Nearly 70% of the population belongs to tribal groups such as Gonds, MadiyaGonds, and MuriaGonds, who have lived in close harmony with the forests for generations.

The district's geographical challenges and rugged terrain make it administratively complex. Limited road connectivity and difficult transport infrastructure restrict access to many villages, and rain-fed areas often disrupt communication and development activities. Despite these



challenges, Narayanpur is rich in natural resources, biodiversity, and cultural heritage. Being affected by Naxalite activities adds an additional layer of complexity to governance and development initiatives in the region.

Thus, the geographical landscape of Narayanpur not only highlights its natural beauty and resource richness but also underscores its social and administrative challenges. The district is significant for studies and initiatives related to forest conservation, tribal development, and sustainable utilization of natural resources.




Fig. 2. Narayanpur district Map

## Socio-Cultural Background

Narayanpur district is a rich center of tribal culture, where tribal communities such as Gond, Muria, and Halba predominantly reside. Their lives are deeply connected with dense forests and natural resources. They depend on forest

products like Mahua, Tendu leaves, honey, Lac, and other forest produce, which form the basis of their livelihood and cultural identity.

The traditions, dances, songs, and festivals of these communities are inspired by the forests and nature, preserving their social and cultural way of life. From an administrative perspective, local development initiatives are being implemented to improve health, education, employment, and infrastructure, aiming to make tribal communities sustainably empowered and self-reliant.

At the same time, efforts are being made to preserve and promote their cultural heritage so that the younger generation remains connected with their identity and can develop new opportunities through traditional arts and skills. Thus, the social and cultural landscape of Narayanpur provides an important opportunity for administration to promote tribal empowerment and sustainable development.

In today's modern life, where overconsumption of resources and environmental imbalance have become major issues, the tribal way of life teaches us the importance of living a sustainable and balanced life. We should also learn how to live happily and healthily with limited resources, maintain harmony with nature, and balance our needs according to necessity.



**Chapter 2**

# वन अधिकारी की भूमिका

नारायणपुर जिले में वन अधिकारी की भूमिका अत्यंत व्यापक और बहुआयामी है। इस क्षेत्र की विशेष भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों को देखते, हुए, वन अधिकारी का कार्य केवल वन और वन्यजीवों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है। उन्हें स्थानीय आदिवासी समुदायों के साथ सहयोग स्थापित करना, उनकी आवश्यकताओं को समझना और पर्यावरणीय संरक्षण के साथ सामंजस्यपूर्ण विकास को सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

वन अधिकारी यदि केवल नियमों और कानूनों के कठोर पालन पर ध्यान देंगे, तो यह ग्रामीण समुदायों के बीच विरोध और असंतोष को बढ़ा सकता है। ऐसे में प्रशासनिक कार्यवाही में बाधाएँ उत्पन्न होती हैं, और संरक्षण के प्रयासों का लाभ सीमित यह जाता है। इसलिए, इस क्षेत्र में कार्यरत वन अधिकारियों को सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना अनिवार्य है। उन्हें स्थानीय समुदायों की भाषा, संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करते हुए, उन्हें जागरूक करना और समझाना पड़ता है।

नारायणपुर के आदिवासी समुदायों की जीवनशैली और वन पर निर्भरता को ध्यान में रखते हुए, वन अधिकारी का कार्य स्थानीय लोगों को संरक्षण कार्यों में शामिल करना, उनके हितों और आजीविका को सुरक्षित रखना और वन्य संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित करना भी है। यह कार्य न केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी है, बल्कि इसमें सामुदायिक सहभागिता और संवाद का भी महत्वपूर्ण स्थान है।

एक सफल वन अधिकारी वही है, जो कानून और नियमों के साथ-साथ स्थानीय समाज की भावनाओं और आवश्यकताओं को संतुलित कर सके। उसे यह सुनिश्चित करना होता है कि वन संरक्षण और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय समुदाय सहयोग करें और उनके सामाजिक-

सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान किया जाए। अधिकारी का यह दृष्टिकोण न केवल वन्यजीव और वन संरक्षण में परिणामदायी होता है, बल्कि स्थानीय समुदायों के साथ विश्वास और सहयोग भी मजबूत बनाता है।

इस प्रकार, नारायणपुर में में वन अधिकारी की भूमिका केवल प्रशासनिक कार्यों तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय दृष्टिकोण से भी एक चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण कार्य है। अधिकारी को न केवल वन और वन्यजीवों की सुरक्षा करनी होती है, बल्कि आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाना, उनके कल्याण के लिए योजनाएँ लागू करना और उन्हें संरक्षण प्रयासों का भागीदार बनाना भी उसकी जिम्मेदारी है। इस व्यापक दृष्टिकोण से ही नारायणपुर में वन अधिकारी का कार्य सफल और स्थायी रूप से संपन्न हो सकता है।

## प्रारंभिक चुनौतियाँ: नए वन अधिकारियों के समक्ष प्रमुख चुनौती

नारायणपुर जैसे नक्सल प्रभावित और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में नए वन अधिकारियों के समक्ष सबसे महत्वपूर्ण और जटिल चुनौतीस्थानीय ग्रामीण समुदायों का विश्वास प्राप्त करनाहोती है। सुरक्षा और कानून की दृष्टि से प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति आदिवासी समुदायों में अक्सर संदेह और सावधानी बनी रहती है, क्योंकि उनका अनुभव और सामाजिक-सांस्कृतिक दृष्टिकोण प्रशासनिक हस्तक्षेप के प्रति सतर्कता उत्पन्न करता है।

ग्रामीण समुदायों की पारंपरिक आजीविका, जैसे महुआ, तेंदूपत्ता, शहद और अन्य वनोपज पर निर्भरता, जब नियमों या संरक्षण योजनाओं के कारण सीमित होती है, तो उन्हें ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार उनके हितों के विरुद्ध कार्य कर रही है। परिणामस्वरूप, कई बार वे अधिकारियों से दूरी बनाए रखते हैं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सहयोग नहीं करते।

इस परिस्थितियों में नए वन अधिकारी कौधैर्य, निरंतर संवाद और ईमानदारीके साथ कार्य करना आवश्यक होता है। उन्हें स्थानीय भाषा सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक भावनाओं का सम्मान करते हुए, समदाय को समझना और सहयोग में शामिल करना होता है। अधिकारी का यह दृष्टिकोण न केवल स्थानीय विश्वास स्थापित करता है, बल्कि वन संरक्षण और विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में भी सहायक होता है।



संक्षेप में, नारायणपुर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में वन अधिकारी का कार्य केवल नियमों और कानूनों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि सहसामाजिक समझ, पारदर्शिता और सामुदायिक सहभागिताके माध्यम से निष्पादित होने वाला एक बहुआयामी प्रशासनिक कार्य है।

## मानवीय दृष्टिकोण में वन अधिकारी की भूमिका

एक प्रभावी और सशक्त वन अधिकारी वही है, जो स्वयं को केवल एक सरकारी अधिकारी के रूप में न देखें, बल्कि स्थानीय समाज का सक्रिय और सहभागी सदस्यमानें। ग्रामीण समुदायों के साथ विश्वासपूर्ण संबंध स्थापित करने के लिए आवश्यक है कि अधिकारी उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुने, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मिलित हो और उनकी आवश्यकताओं तथा जीवनशैली को समझे।

इस प्रकार कामानवीय दृष्टिकोणन केवल अधिकारियों और स्थानीय समुदायों के बीच भरोसा स्थापित करता है, बल्कि यह जंगल संरक्षण और सतत विकास कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए भी आवश्यकता आधार प्रदान करता है। जब अधिकारी समुदाय के साथ सहभागिता और सहयोग के माध्यम से अपने कार्यों का निर्वहन करते हैं, तब ही वन संरक्षण की नीतियाँ प्रभावी और दीर्घकालीन परिणाम देने में सक्षम होती हैं।

संक्षेप में, स्थानीय समाज के साथ संवाद, सहभागिता और उनकी आवश्यकताओं की समझ, किसी वन अधिकारी की प्रशासनिक क्षमता का अभिन्न हिस्सा है और यह सुनिश्चित करता है कि वन संरक्षण तथा विकास कार्य सामंजस्यपूर्ण और स्थायी रूप से सम्पन्न हो।

नारायणपुर जिले में कार्यरत होने का अनुभव स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि यहाँ वन अधिकारी का कार्य केवल एक नौकरी नहीं, बल्किसमानांतर सेवा और जिम्मेदारी है। इस संवेदनशील क्षेत्र में अधिकारी को अनुशासन और मानवीय दृष्टिकोणदोनों का संतुलोत पालन करना आवश्यक है।

वन और वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय समाज के हितों और उनकी आजीविका की रक्षा करना अधिकारी की प्राथमिक जिम्मेदारी है यह सुनिश्चित करता है कि संरक्षण और विकास कार्यसतत, प्रभावी और

सामंजस्यपूर्णतरीके से सम्पन्न हों। परिणामस्वरूप, प्रशासनिक दृष्टि से यही मार्ग जंगल और समुदाय दोनों की सुरक्षा और समृद्धि के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है।



Chapter 2

# Role of the Forest Officer

In Narayanpur district, the role of a forest officer is highly extensive and multifaceted. Considering the unique geographical and social conditions of the region, the responsibilities of a forest officer are not limited to the protection of forests and wildlife alone. They are also required to establish cooperation with local tribal communities, understand their needs, and ensure harmonious development alongside environmental conservation.

If a forest officer focuses solely on strict enforcement of laws and regulations, it may lead to resistance and discontent among the local communities, creating administrative challenges and limiting the effectiveness of conservation efforts. Therefore, it is essential for officers working in this area to adopt a socially and humanely oriented approach, respecting the language, culture, and traditions of local communities, while educating and guiding them about conservation objectives.

Considering the tribal communities' way of life and dependence on forests in Narayanpur, the forest officer's role also includes involving locals in conservation activities, safeguarding their livelihoods, and ensuring sustainable use of forest resources. This responsibility goes beyond administrative duties and encompasses community

engagement and dialogue as critical components of effective governance.

A successful forest officer is one who can balance legal frameworks with the emotions and needs of local communities. They must ensure that local populations cooperate with forest conservation and development programs, while their socio-cultural values are respected. Such an approach not only yields better outcomes for wildlife and forest protection but also strengthens trust and collaboration with local communities.

Thus, in Narayanpur, the role of a forest officer is not limited to administrative tasks alone. It is a challenging and critical responsibility from social, cultural, and humanitarian perspectives. Officers are tasked not only with safeguarding forests and wildlife but also with empowering tribal communities, implementing welfare schemes, and integrating locals into conservation efforts. It is through this comprehensive approach that the work of a forest officer in Narayanpur can be executed successfully and sustainably.

## Initial Challenges: Key Challenges for New Officers

In Naxal-affected and tribal-dominated regions like Narayanpur, the primary and complex challenge for new forest officers is gaining the trust of local communities. Due to historical experiences and socio-cultural perspectives, tribal communities often view administrative interventions with suspicion.

When local communities' traditional livelihoods—such as Mahua collection, Tendu leaves, honey, and other forest



produce—are restricted due to regulations or conservation plans, they may perceive government actions as being against their interests. Consequently, they may maintain distance from officers and refrain from cooperating with administrative processes.

In such circumstances, a new forest officer must work with patience, continuous dialogue, and integrity. Officers need to respect local languages, cultural traditions, and social sentiments while educating and engaging communities in cooperation. This approach not only establishes local trust but also facilitates the successful implementation of forest conservation and development programs.

In summary, in sensitive regions like Narayanpur, the work of a forest officer is not merely about compliance with laws and regulations; it is a multifaceted administrative task executed through social understanding, transparency, and community participation.

## Role of the Forest Officer from a Humanitarian Perspective

An effective and empowered forest officer is one who does not consider themselves merely as a "government official," but as an active and participating member of the local society. To establish trustful relations with the tribal communities, the officer must carefully listen to their issues, participate in social and cultural events, and understand their needs and way of life.

Such a humanitarian approach not only fosters trust between officers and local communities but also forms a critical foundation for the successful implementation of forest

conservation and sustainable development programs. When officers execute their duties through participation and collaboration with the community, forest management policies become more effective and capable of delivering long-term results.

In short, dialogue, community participation, and understanding local needs are integral to a forest officer's administrative capabilities, ensuring that conservation and development work is carried out in a harmonious and sustainable manner.

The experience of working in Narayanpur clearly indicates that the role of a forest officer here is not merely a job, but a combination of service and responsibility. In this sensitive region, officers are required to maintain a balance between discipline and humanitarian approach.

Protecting forests and wildlife while safeguarding the interests and livelihoods of local communities is a primary responsibility. This ensures that conservation and development activities are carried out in a sustainable, effective, and harmonious manner. From an administrative perspective, this integrated approach is considered the most suitable path for ensuring the protection and prosperity of both forests and communities.



**Chapter 3**

# चुनौतियाँ

नारायणपुर जिला एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ प्राकृतिक सौंदर्य और जटिलताएँ दोनों विद्यालय हैं। यहाँ के घने वनों, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों, सामाजिक पिछड़ापन एवं कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यह जिला देश के सबसे चुनौतीपूर्ण जिलों में गिना जाता है। वन अधिकारी के दृष्टिकोण से इस क्षेत्र में कार्य केवल प्रशासनिक दायित्वों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत साहस, समामाजिक संवाद एवं समनवय की महत्वपूर्ण भूमिकाएँ भी निभाने की आवश्यकता प्रस्तुत करता है।

## नक्सल प्रभाव

नारायणपुर जिले में नक्सलवाद एक गंभीर सुरक्षा और प्रशासनिक समस्या है। जिले के अनेक गाँव नक्सली गतिविधियों से प्रभावित हैं। अधिकारी जब बी क्षेत्रीय निरीक्षण या कार्यक्रम हेतु गाँवों का दौरा करते हैं, तो ग्रामीण उनके साथ खुले तौर पर संवाद करने में हिचकिचाते हैं, क्योंकि उन्हें नक्सलियों के प्रतिशोध का भय रहता है। समय-समय पर नक्सल तत्व सरकारी कर्मचारियों को निशाना बनाते हैं। इस कारण वन अधिकारियों को अपने कार्यों के दौरान निरंतर सतर्कता बनाए रखनी पड़ती है और सुरक्षा उपायों का विशष ध्यान रखना आवश्यक होता है।

## भौगोलिक दुर्गमता

जिला का भौगोलिक स्वरूप अत्यंत कठिन और चुनौतीपूर्ण है। यहाँ घने वन, पहाड़ी क्षेत्र और अपरीष्कृत सड़क मार्ग अधिकारियों के कार्य संचालन को प्रभावित करते हैं। वर्षा ऋतु में स्थिति और भी कठिन हो जाती है, जब कई गाँवों तक पहुँच पाना लगभग असंभव हो जाता है। इस दौरान अधिकारी को पैदल,

साइकिल या मोटरसाइकिल द्वारा ही ग्रामीण क्षेत्रों तक जाना पड़ता है, जिससे समय और प्रयास दोनों की अधिक आवश्यकता होती है।

## सामाजिक एवं शैक्षिक पिछड़ापन

इस क्षेत्र में शिक्षा का स्तर अपेक्षाकृत निम्न है। कई गाँवों में विद्यालय स्थित हैं, किन्तु शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते। स्वास्थ्य सुविधाएँ सीमित हैं और ग्रामीण पारंपरिक मान्यताओं एवं अंधविश्वासों पर अधिक निर्भर हैं। ऐसे सामाजिक वातावरण में जागरूकता अभियान चलाना और आधुनिक सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है।

## वन संसाधनों पर ग्रामीणों की निर्भरता

ग्रामीणों का जीवन सीधे वन संसाधनों पर आधारित है। वे तेंदूपत्ता, महुआ, शहद,लाख, लकड़ी एवं अन्य वन उत्पादों पर निर्भर रहते हैं। जब सरकार संरक्षण और सतत उपयोग के दृष्टिकोण से वन संसाधनों के प्रयोग को सीमित करती है, तो ग्रामीण इसे अपनी आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव मानते हैं। इससे वे कई बार नियमों का उल्लंघन करने तक के लिए बाध्य हो जाते हैं।

## प्रशासन पर विश्वास की कमी

नक्सलवाद और सरकारी उपेक्षा के कारण ग्रामीण और प्रशासन के बीच विश्वास की कमी उत्पन्न हो गई है। ग्रामीण अधिकारी को केवल आदेश देने वाला मानते हैं और उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने की दृष्टि से अधिकारी पर भरोसा कम होता है। इस अविश्वास को दूर करना वन अधिकारियों के लिए प्राथमिक चुनौती है, क्योंकि इसी के बिना योजनाओं और कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करना कठिन है।

## सुरक्षा की चुनौतियाँ

वन अधिकारी कईबार बिना पर्याप्त सुरक्षा के कठिन वन क्षेत्रों में कार्य करते हैं। कई क्षेत्रों में पुलिस या सुरक्षा बल के बिना पहुँचना असंभव है। किन्तु सुरक्षा बल के साथ जाने पर ग्रामीण संदेह करते हैं और खुलकर सहयोग नहीं



करते। इस स्थिति में अधिकारी को सुरक्षा और सामाजिक संवाद दोनों की चुनौती का सामना करना पड़ता है।

## व्यक्तिगत एवं पारिवारिक दबाव

इस प्रकार के चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में कार्यरत अधिकारी के परिवार पर भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दबाव रहता है। अधिकारी अक्सर अपने परिवार से दूर रहते हैं और नौकरी तथा निजी जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना कठिन हो जाता है। इससे उनके मानसिक स्वास्थ्य और कार्यकुशलता पर प्रभाव पड़ सकता है।

नारायणपुर की चुनौतियाँ केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यक्तिगत भी हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिकारी को धैर्य, साहस, संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना ज़रूरी है।

Chapter 3

# Challenges of Narayanpur

Narayanpur district is a region where natural beauty and complexities coexist. Due to its dense forests, Naxal-affected areas, social backwardness, and difficult geographical conditions, the district is considered one of the most challenging in the country. From the perspective of a forest officer, working in this area is not limited to administrative responsibilities alone; it also demands personal courage, social communication, and effective coordination.

## Naxal Influence

Naxalism in Narayanpur district represents a serious security and administrative challenge. Many villages in the district are affected by Naxal activities. Whenever officers visit these villages for inspections or program implementation, villagers hesitate to communicate openly due to fear of Naxal retaliation. Occasionally, Naxal elements target government officials. Therefore, forest officers must maintain constant vigilance during their duties and pay special attention to safety measures.

## Geographical Difficulties

The geographical terrain of the district is extremely challenging. Dense forests, hilly regions, and underdeveloped road networks hinder officers' operational efficiency. During the rainy season, the situation worsens, making many villages nearly inaccessible. In such conditions, officers often have to travel on foot, bicycle, or motorcycle, requiring significant time and effort.



## Social and Educational Backwardness

The education level in this region is relatively low. Although schools exist in several villages, teachers often do not attend regularly. Health facilities are limited, and villagers rely heavily on traditional beliefs and superstitions. In such a social environment, raising awareness and effectively implementing modern government schemes becomes highly challenging.

## Dependence on Forest Resources

The livelihoods of villagers are closely linked to forest resources. They depend on tendu leaves, mahua, honey, lac, timber, and other forest products. When the government restricts forest use for conservation and sustainable management, villagers perceive it as a threat to their livelihood, which sometimes compels them to violate regulations.

## Lack of Trust in Administration

Due to Naxalism and governmental neglect, there is a significant trust deficit between villagers and the administration. Villagers often perceive officers merely as order-givers and doubt their understanding of local issues and needs. Overcoming this mistrust is a primary challenge for forest officers, as the success of programs and schemes depends on building mutual confidence.

## Security Challenges

Forest officers frequently operate in difficult forest areas without adequate security. In many regions, visiting without police or security personnel is nearly impossible. However, when accompanied by security forces, villagers tend to be suspicious and refrain from open communication. Officers, therefore, face a dual challenge of maintaining both safety and social engagement.

## Personal and Family Pressures

Officers working in such challenging areas also experience direct and indirect pressure on their families. They often remain away from home, making it difficult to balance professional responsibilities with personal life. This can affect their mental well-being and work efficiency.

The challenges in Narayanpur are not solely administrative but also social, cultural, and personal. To navigate these difficulties effectively, officers must exercise patience, courage, sensitivity, and a humane approach.



Chapter 4

# अधिकारी और मानवीय दृष्टिकोण की भूमिका संतुलन बनाने की रणवीतियाँ

नारायणपुर जैसे नक्सल प्रभावित और सामाजिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में कार्यरत वन अधिकारी के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि वे अपनी भूमिका में कठोर प्रशासनिक अधिकारी बनें या संवेदनशील मानवतावादी दृष्टिकोण अपनाएँ। केवल अधिकारी के रूप में कार्य करने पर ग्रामीणों का विश्वास खो सकता है, जबकि केवल संवेदनशील व्यक्तित्व अपनाने पर प्रशासनिक अनुशासन प्रभावित हो सकता है। अतः आवश्यक है कि अधिकारी दोनों भूमिकाओं के बीच संतुलन बनाए रखें।

## संवेदनशील प्रशासन

वन अधिकारी को नियम और कानून लागू करते समय यह समझना आवश्यक है कि ग्रामीणों की आजीविका प्रत्यक्ष रूप से वन संसाधनों पर निर्भर है। अतः दंडात्मक दृष्टिकोण केबजाय संवेदनशील और यहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना हितकर होगा। उदाहरणतः यदि कोई ग्रामीण अवैध रूप से वन उत्पाद का उपयोग कर रहा है, तो तत्काल कठोर दंड देने के बजाया उसके कारणों का विश्लेषण ॅकर वैकल्पिक आजीविका उपलब्ध कराना अधिक प्रभावशाली होगा।

## विश्वास निर्माण

ग्रामीणों और प्रशासन के बीच विश्वा की कमी को दूर करना प्राथमिक आवश्यकता है। इसके लिए अधिकारी को नियमित रूप से क्षेत्रीय दौरा करना, ग्रामसभाओं में भाग लेना, साथानीय समस्याओं को सुनना और तात्कालिक समाधान प्रस्तुत करना चाहिए। इस प्रकार, ग्रामीणों में अधिकारी के प्रति विश्वास धीरे-धीरे स्थापित होता है।

## सामुदायिक भागीदारी

वन संरक्षण केवल अधिकारी का कार्य नहीं, बल्कि पूरे समुदाय का संयुक्त प्रयास होना चाहिए। अधिकारी को सह-वन प्रबंधन (Joint Forest Mangement) जैसे मॉडल को लागू करना चाहिए, जिससे ग्रामीण निर्णय निर्माण और लाभ वितरण में सक्रिय रूप से शामिल हों। जब ग्रामीण यह अनुभव करेंगे कि वन संसाधन उनके हित में हैं, तो वे संरक्षण में स्वेच्छा से भाग लेंगे।

## शिक्षा और जागरूकता

वन अधिकारी का कार्य केवल नियम लागू करना नहीं है, बल्कि ग्रामीणों को वन संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना भी आवश्यक है। जागरूकता शिवर, विद्यालय कार्यक्रम, नाटक, लोकगीत आदि माध्यमों से ग्रामीणों को यह समझाना चाहिए कि वन उनके दीर्घकालीन हित में हैं। ज्ञान और समझ के साथ किए गए निर्णय अधिक स्थायी होते हैं और प्रशासनिक दबाव की आवश्यकता कम होती है।

## सुरक्षा और संवेदनशीलता का संतुलन

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करना अनिवार्य है। इसके बावजूद, अधिकारी को यह ध्यान रखना चाहिए कि अत्यधिक पुलिस बल के साथ दौरा ग्रामीणों में असहजता उत्पन्न कर सकता है। बेहतर रणनीति यह है कि सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए संवाद सहज और व्यक्तिगत बनाया जाए। कभी-कभी छोटे दल के साथ या बिना वर्दी के गाँव का दौरा विश्वास निर्माण में सहायक होता है।

## मानवीय दृष्टिकोण

वन अधिकारी को यह नहीं भूलना चाहिए कि वे केवल सरकारी प्रतिनिधि नहीं, बल्कि मानव भी हैं। ग्रामीणों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा या अन्य सहायता प्रदान करना प्रशासन की कठोर छवि को नरम करता है और विश्वास निर्माण में योगदान देता है।



## संतुलन का महत्व

कठोर प्रशासन और मानवीय संवेदन शीलता के बीच संतुलन बनाए रखने से दो लाभ होते हैं:

1. कानून और प्रशासनिक अनुशासन सुरक्षित रहता है।
2. ग्रामीणों का विश्वास और सहयोग प्राप्त होता है।

यह संतुलन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास, शांति और स्तायी संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## निष्कर्ष

वन अधिकारी को प्रशासक और मानवतावादी दोनों भूमिकाएँ निभानी होती हैं। केवल सख्त नियमों का पालन करने से ग्रामीण दूर हो सकते हैं, जबकि केवल संवेदनशीलता अपनाने पर प्रशासन विफल हो सकता है। आदर्श दृष्टिकोण यह है कि अधिकारी नियमों को संवेदनशीलता के साथ लागू करें, जिससे कानून और इंसानियत दोनों संरक्षित रहें।

Chapter 4

# Strategies for Balancing Role of Officer and Humanitarian Approach

Forest officers working in Naxal-affected and socially backward areas like Narayanpur face a significant challenge: whether to adopt a strict administrative approach or a sensitive humanitarian perspective. Acting solely as an "officer" may result in a loss of trust among villagers, whereas adopting only a "compassionate approach" may compromise administrative discipline. Therefore, it is essential for the officer to maintain a balance between both roles.

## Sensitive Administration

While enforcing rules and laws, forest officers must recognize that villagers' livelihoods are directly dependent on forest resources. Hence, a cooperative and sensitive approach is more effective than a purely punitive one. For example, if a villager is found using forest resources illegally, instead of immediate strict punishment, understanding the reasons behind the action and providing alternative livelihood options is more impactful.

## Building Trust

Bridging the trust deficit between villagers and the administration is a primary responsibility. Officers should conduct regular field visits, participate in village meetings, listen to local issues, and provide prompt solutions. Gradually, this builds confidence among villagers in the officer and the administration.



## Community Participation

Forest conservation is not solely the responsibility of the officer but should be a collective effort of the entire community. Officers should implement models like "Joint Forest Management," which involve villagers in decision-making and benefit-sharing. When villagers perceive that forest resources are in their interest, they voluntarily participate in conservation efforts.

## Education and Awareness

The role of a forest officer extends beyond enforcement of rules; it includes educating villagers about the importance of forest conservation. Awareness campaigns, school programs, dramas, and folk songs can help villagers understand that forests are vital for their long-term well-being. Decisions made with knowledge and awareness are more sustainable and reduce the need for administrative coercion.

## Balancing Security and Sensitivity

Ensuring security in Naxal-affected areas is mandatory. However, officers must ensure that a heavy police presence does not make villagers uncomfortable. The optimal approach is to maintain security while keeping interactions personal and approachable. Occasionally, visiting villages with a small team or without uniforms can help build trust.

## Humanitarian Approach

Forest officers must remember that they are not just government representatives but also human beings. Providing assistance for healthcare, education, or other needs of villagers softens the perception of strict administration and contributes to trust-building.

## Importance of Balance

Maintaining a balance between strict administration and humanitarian sensitivity has two major benefits:

1. Law and administrative discipline are upheld.
2. Villagers' trust and cooperation are secured.

This balance is crucial for development, peace, and sustainable conservation in Naxal-affected areas.

## Conclusion

Forest officers must play both roles: "administrator" and "humanitarian." Strict rule enforcement alone may alienate villagers, while excessive sensitivity may undermine administration. The ideal approach is to implement rules with sensitivity, ensuring that both law and humanity are preserved.



Chapter 5

# चुनौतियाँ और संभावित समाधान

नारायणपुर जैसे नक्सल प्रभावित और सामाजिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में कार्य करना किसी भी वन अधिकारी के लिए सरल नहीं है। यहाँ प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा, नक्सलवाद का प्रभाव, ग्रामीणों की समस्याएँ और प्रशासनिक दबाव एक साथ उपस्थित रहते हैं। इन परिस्थितियों में अधिकारी को बहुस्तरीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस अध्याय में इन चुनौतियों और उनके संभावित समाधान का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

## सुरक्षा संबंधी चुनौतियाँ

### मुख्य समस्याएँ :

- नक्सलियों का खतरा, जिसके कारण अधिकारी और उनका स्टाफ हमलों के जोखिम में रहते हैं।
- कई बार अधिकारी स्वतंत्र रूप से गाँवों तक नहीं पहुँच पाते।
- अत्यधिक पुलिस बल पर निर्भरता से ग्रामीणों में प्रशासनिक दूरी उत्पन्न हो सकती है।

### संभावित समाधान:

- ग्रामीणों का विश्वास अर्जित कर उन्हें सुरक्षा ढाल के रूप में शामिल करना।
- प्रत्येक भ्रमण से पूर्व गाँववालों को पूर्व सूचना प्रदान करना।
- प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच सूचना साझा करने का तंत्र विकसित करना।

### सामाजिक और सांस्कृतिक सुनौतियाँ मुख्य समस्याएँ :

- ग्रामीण परंपराएँ और रीति-रिवाज प्रशासनिक आदेशों से भिन्न होते हैं।
- शिक्षा का निम्न स्तर होने के कारण लोग नियमों और नीतियों को समझने में असमर्थ होते हैं।
- बाहरी अधिकारी को अजनबी मानने के कारण ग्रामीण सहयोग नहीं करते।

### संभावित समाधान :

- स्थानीय भाषा और सांस्कृतिक संदर्भ का अध्ययन एवं आत्मसात करना।
- गाँव के बुजुर्गों और मुखियाओं को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना।
- बच्चों और युवाओं के लिए शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम संचालित करना।

## आर्थिक चुनौतियाँ

### मुख्य समस्याएँ :

- अधिकांश ग्रामीण जंगल पर निर्भर हैं (लकड़ी, तेंदूपत्ता, महुआ, शहद)।
- बिचौलियों के शोषण से उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता।
- वैकल्पिक आजीविका साधनों का अभाव।

### संभावित समाधान :

- स्व-सहायता समूहों का गठन एवं सक्रियता बढ़ाना।
- स्थानीय उत्पादों के लिए सहकारी समितियों और मंडियों का निर्माण।
- रोजगार सृजन हेतु इको-टूरिज्म और वनोपज आधारित उद्योगों का विकास।



## प्रशासनिक चुनौतियाँ

### मुख्य सहस्याएँ :

- सीमित संसाधन (वाहन, स्टाफ, उपकरण)।
- विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की कमी।
- उच्च अधिकारियों का दबाव और रिपोर्टिंग संबंधी औपचारिकताएँ।

### संभावित समाधान :

- अंतर्विभागीय समन्वय बैठकों का नियमित आयोजन।
- डिडिटल तकनीक (GPS, मोबाइल आयोजन) का उपयोग।
- स्टाफ हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रेरक कार्यशालाएँ।

## पर्यावरणीय चुनौतियाँ

### मुख्य समस्याएँ :

- अवैध कटाई और वन में आग लगने की घटनाएँ।
- वन्यजीवों का शिकार।
- जलवायु परिवर्तन और सूखा।

### संभावित समाधान :

- ग्राम वन समितियों के माध्यम से सामुदायिक निगरानी।
- अग्नि रेखाओं और फायर अलर्ट सिस्टम का निर्माण।
- जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रमों का संचालन।

## निष्कर्ष

नारायणपुर जैसे क्षेत्रों में वन अधिकारी के समक्ष सुरक्षा सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक और पर्यावरणीय चुनौतियाँ विद्यमान हैं। परंतु यदि समाधान सामुदायिक भागीदारी और संवेदनशील प्रशासन के आधार परलागू किए जाएँ, तो कठिन परिस्थितियों में भी सफलता प्राप्त की जा सकती है।

Chapter 5

# Challenges and Possible Solutions

Working in Naxal-affected and socially backward areas like Narayanpur is not easy for any forest officer. Here, the protection of natural resources, the influence of Naxalism, villagers' issues, and administrative pressures coexist. Under such circumstances, officers face multi-layered challenges. This chapter presents an analysis of these challenges along with potential solutions.

## Security Challenges

### Key Issues

- Threat from Naxal elements, putting officers and their staff at risk of attacks.
- Officers are often unable to reach villages independently.
- Excessive reliance on police forces may create administrative distance between officers and villagers.

### Potential Solutions

- Earn villagers' trust and involve them as a security buffer.
- Inform villagers in advance before every field visit.
- Develop a "information-sharing mechanism" between the administration and local communities.



## Social and Cultural Challenges

### Key Issues

- Villagers' traditions and customs often differ from administrative directives.
- Low literacy levels make it difficult for people to understand rules and policies.
- External officers are often perceived as "outsiders," limiting local cooperation.

### Potential Solutions

- Learn and internalize the local language and cultural practices.
- Include village elders and community leaders in the decision-making process.
- Conduct educational and awareness programs for children and youth.

## Economic Challenges

### Key Issues

- Most villagers depend on the forest for livelihood (timber, tendu leaves, mahua, honey).
- Exploitation by intermediaries prevents them from receiving fair prices.
- Lack of alternative livelihood options.

### Potential Solutions

- Promote and strengthen self-help groups.

- Establish cooperative societies and local markets for forest products.
- Develop eco-tourism and forest-based industries to generate employment.

## Administrative Challenges

### Key Issues

- Limited resources (vehicles, staff, equipment).
- Lack of coordination among different departments.
- Pressure from higher authorities and formal reporting requirements.

### Potential Solutions

- Organize regular inter-departmental coordination meetings.
- Utilize digital technology (GPS, mobile applications).
- Conduct training programs and motivational workshops for staff.

## Environmental Challenges

### Key Issues

- Illegal logging and forest fire incidents.
- Poaching of wildlife.
- Climate change and drought.

### Potential Solutions

- Implement community monitoring through Village Forest Committees.



- Establish firelines and fire alert systems.
- Conduct water conservation and afforestation programs.

## Conclusion

Forest officers in regions like Narayanpur face challenges across security, social, economic, administrative, and environmental domains. However, if solutions are implemented based on **community participation** and **sensitive administration**, success can be achieved even under difficult circumstances.

Chapter 6

# अध्ययन उदाहरण

सैद्धांतिक दृष्टिकोण मात्र से परिवर्तन सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। वास्तविक जीवन के उदाहरण यह स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि कठिन परिस्थितियों में भी यदिउचित रणनीति और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाए, तो सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इस अध्याय में प्रस्तुत अध्ययन उदाहरण (Case Studies) यह दर्शाते हैं कि नारायणपुर जैसे नक्सल प्रभावित एवं सामाजिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में कार्यरत वन अधिकारी कैसे कठोर प्रशासनिक अधिकारी और संवेदनशील मानवतावादी दोनों की भूमिकाओं को संतुलित रूप से निभाकर कार्यात्मक सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## तेंदूपत्ता संग्रहण में सुधार

तेंदूपत्ता (Tendu Leaves) नारायणपुर और छत्तीसगढ़ के आदिवासी एवं ग्रामीण समुदायों की आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। पारंपरिक रूप से तंदूपत्ता का संग्रहण और विपणन ठेकेदार (Contractor) के माध्यम से किया था, जिससे मिम्नलिखित समस्याएँ उत्पन्न होती थीं:

1. **कमीशन और शोषण** : ठेकेदार अक्सर ग्रामीणों से कम मूल्य पर तेंदूपत्ता खरीदते और उच्च मूल्य पर विपणन करते थे।
2. **न्यूनतम लाभ** : वास्तविक उत्पादक यानी ग्रामीणों को उनकी मेहनत का उचित लाभ नहीं मिलता था।
3. **संग्रहण में अनियमित ताएँ** : ठेकेदारों के नियंत्रण में संग्रहण होने से पारदर्शिता एवं नियमितता की कमी रहती थी।



## सरकारी हस्तक्षेप और सुधार

र्तमान में, तेंदूपत्ता संग्रहण एवं विपणन प्रक्रिया को सरकार / संबंधित विभाग के नियंत्रण में लाया गया है। प्रमुख लाभ इस प्रकार हैं:

- **प्रत्यक्ष लाभ** : ग्रामीण तेंदूपत्ता सीधे विभाग को बेचते हैं, जिससे मूल्य निर्धारण पारदर्शी होता है और उन्हें उचित दाम मिलता है।
- **अनुशासित प्रणाली** : विभागीय निगरानी से अवैध कटाई एवं अनुचित व्यापार पर नियंत्रण रहता है।
- **हितग्रही सुरक्षा** : ग्रामीणों एवं आदिवासी समुदायों के आर्थिक हित सुरक्षित होते हैं, जिससे जीवन स्तर और सामाजिक सुरक्षा में सुधार होता है।
- **सामुदायिक भागीदारी** : विभाग स्थानीय समितियों और ग्राम स्तर पर निगरानी तंत्र स्थापित करता है, जिससे ग्रामीण प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होते हैं।

इस प्रकार, ठेकेदार प्रणाली से विभागीय नियंत्रण की ओर बदलाव ग्रामीणों और आदिवासी समुदायों के लिए पारदर्शिता, प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ और सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करता है।

## इको - टूरिज़्म का विकास

हाल ही में नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में खोजा गयाकच्चापाल जलप्रपात में खोजा गयाकच्चापाल जलप्रपात (Kachchapa / Farasbeda Waterfall) प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों और बेरोज़गार युवाओं के लिए सामाजिक और आर्थिक अवसरभी प्रदान करता है।

- **रोजगार सृजन** : पर्यटन केंद्र बनने से स्थानीय गाइड, सुनरक्षा कर्मी, वाहन चालक, सूचना केंद्र कर्मचारी और एडवेंचर टूरिज़्म से जुड़े व्यवसायों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
- **स्थानीय व्यवसाय** : कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, भोजनालय / चाय स्टॉल जैसी इकाइयों के माध्यम से प्रत्यक्ष आय प्राप्त होगी।

- **सामुदायिक भागीदारी** : जलप्रपात के आसपास इको-टूरिज़्म समितियों का गठन सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करता है और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करता है।
- **अवसंरचना में सुधार** : सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं में सुधार होगा, जिससे ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर होगा।
- **सांस्कृतिक संवर्धन** : स्थल स्थानीय संस्कृति और परंपराओं के प्रचार-प्रचार का माध्यम बनेगा, जिससे युवा पारंपरिक ज्ञान और लोक कलाओं से जुड़ेंगे।

इस प्रकार, कच्चापाल जलप्रपात न केवल प्राकृतिक धरोहर है, बल्कि ग्रामीणों और युवाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक विकास और स्थायी रोजगार का भी महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है।

## वन विभाग द्वाराघोटुल (Ghotul) का निर्माण, सांस्कृतिक उत्सवों के माध्यम से जुड़ाव

नारायणपुर जिले में वन विभाग द्वारा घोटुल (Ghotul) का निर्माण सांस्कृतिक उत्सवों और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतुन किया गया है। घोटुल के माध्यम से ग्रामीण समुदाय विशेषकर युनवा अपनी परंपराएँ, लोक कलाएँ और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों से सीधे जुड़ सकते हैं।

### लाभ

- **सांस्कृतिक जागरूकता** : स्थानीय संस्कृति और पहचान को सुदृढ़ बनाना।
- **युवा नेतृत्व और सामुदायिक सहभागिता** : अनुशासन, जिम्मेदारी और निर्णय-निर्माण कौशल का विकास।
- **परंपरागत ज्ञान का संरक्षण** : ग्रामीण पारंपरिक ज्ञान और लोक कलाओं के संरक्षण में सक्रिया योगदान करते हैं।



- **वन संसाधनों का संरक्षण** : सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझा जाता है और उनका संरक्षण सुनिश्चित होता है।

इस प्रकार, घोटुल न केवल सांस्कृतिक केंद्र है, बल्कि सामुदायिक विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

Chapter 6

# Case Studies

Change cannot be ensured through theoretical approaches alone. Real-life examples clearly demonstrate that even under challenging circumstances, positive outcomes can be achieved if appropriate strategies and practical approaches are adopted. The case studies presented in this chapter illustrate how a forest officer working in Naxal-affected and socially backward areas like Narayanpur can successfully balance the roles of a strict administrative officer and a sensitive humanitarian, thereby achieving functional success.

## Improvement in Tendu Leaf Collection

Tendu leaves are a significant source of livelihood for tribal and rural communities in Narayanpur and Chhattisgarh. Traditionally, the collection and marketing of tendu leaves were managed through contractors, which led to the following issues:

1. **Commission and Exploitation:** Contractors often purchased tendu leaves from villagers at low prices and sold them at higher rates.
2. **Minimal Benefit:** The actual producers, i.e., the villagers, did not receive fair compensation for their labor.



3. **Irregularities in Collection:** Collection under contractor control lacked transparency and regularity.

## Government Intervention and Reforms

Currently, the collection and marketing of tendu leaves have been brought under the control of the government or the relevant department.

### Key benefits include

- **Direct Benefit:** Villagers now sell tendu leaves directly to the department, ensuring transparent pricing and fair compensation.
- **Regulated System:** Departmental monitoring controls illegal harvesting and unfair trade practices.
- **Beneficiary Protection:** The economic interests of villagers and tribal communities are safeguarded, improving their living standards and social security.



Fig. 1. Tendu leaves marketing

- **Community Participation:** The department establishes local committees and village-level monitoring mechanisms, actively involving villagers in the process.

Thus, the shift from the contractor system to departmental control ensures transparency, direct economic benefit, and community participation for the villagers and tribal communities.

## Development of Eco-Tourism

The recently discovered Kachchapal (Farasbeda) Waterfall in the Abujhmad area of Narayanpur district is not only significant for its natural beauty but also provides social and economic opportunities for local villagers and unemployed youth.

- Employment Generation: The establishment of the site as a tourist destination will create jobs for local guides, security personnel, drivers, information center staff, and businesses related to adventure tourism.
- Local Enterprises: Cottage industries, handicrafts, and small eateries or tea stalls will provide direct income to villagers.
- Community Participation: The formation of eco-tourism committees around the waterfall promotes community involvement and ensures environmental conservation.
- Infrastructure Improvement: Tourism will lead to improvements in roads, electricity, water supply, and healthcare facilities, enhancing the overall standard of living.



- Cultural Promotion: The site will also serve as a medium for promoting local culture and traditions, enabling youth to connect with traditional knowledge and folk arts.

Hence, Kachchapal Waterfall is not merely a natural heritage site but also a key opportunity for economic empowerment, social development, and sustainable employment for the local population and youth.



Fig. 2. Kachhapal Waterfall, Narayanpur

## Engagement Through Cultural Festivals – Establishment of Ghotul

The Forest Department of Narayanpur has established Ghotuls to organize cultural festivals and community programs. Through the Ghotul, local communities, especially youth, can actively engage with their traditions, folk arts, and cultural practices.